सार समाचार

कोलंबिया पुर्तगाल और रोनाल्डो 'टेस्ट' के लिए तैयार

ग्वाडलहारा,वार्ता। कोलंबिया के मेनेजर नेस्टर लोरेंजो ने कहा कि शनिवार को जब टीमें अपने आखिरी वर्ल्ड कप ग्रुप के मैच में आमने-सामने होंगी, तो पुर्तगाल और क्रिस्टियानो रोनाल्डो एक कड़ी चुनौती पेश करेंगे। ये बातें तब कही गईं जब मंगलवार को डेनियल मुनोज़ के दूसरे हाफ में किए गए गोल की बदौलत कोलंबिया ने डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ़ कांगो पर 1-0 से जीत हासिल की और नॉकआउट स्टेज में अपनी जगह पक्की कर ली। लोरेंजो ने पत्रकारों से कहा, हम एक बहुत बड़ी टीम का सामना करने जा रहे हैं। वे (पुर्तगाल) वर्ल्ड कप जीतने के दावेदार हैं। यह एक बड़ी चुनौती होगी और हमें जीतने की कोशिश करने के लिए अलग-अलग तरीके अपनाने होंगे। लोरेंजो ने रोनाल्डो से होने वाले खतरे पर भी ज़ोर दिया, जो मंगलवार को ही उज़्बेकिस्तान के खिलाफ़ पुर्तगाल की 5-0 की जीत में दो गोल करके छह वर्ल्ड कप में गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए थे। लोरेंजो ने कहा, क्रिस्टियानो एक अद्भुत खिलाड़ी हैं।

ट्रेसा जॉली-गायत्री गोपीचंद प्री-क्वार्टर फाइनल में

कैलिफोर्निया,वार्ता। भारत की ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने स्पेन पाउला लोपेज और लूसिया रोड्रिग्स को हराकर यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल के दूसरे राउंड में जगह बना ली है। कॉमनवेल्थ गेम्स पदक विजेता ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने मंगलवार को टाइटन जिम में अपने शुरुआती मैच में स्पेन की पाउला लोपेज और लूसिया रोड्रिग्ज को 21-12, 14-21, 21-13 से हराया। पहला गेम जीतने के बाद, ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद को दूसरा गेम हारने के बाद निर्णायक गेम खेलना पड़ा। हालांकि, भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने तीसरे गेम में जबरदस्त वापसी करते हुए जीत हासिल की और प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

नीदरलैंड्स ने प्रो लीग का खिताब और ओलंपिक हॉकी कोटा जीता

नई दिल्ली,वार्ता। एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2025-26 का चैंपियन बनने के बाद नीदरलैंड्स ने लॉस एंजेलिस 2028 के लिए पहला महिला हॉकी कोटा हासिल किया। मंगलवार (23 जून) को लंदन में अर्जेंटीना के स्पेन से 2-1 से हारने के बाद नीदरलैंड्स की सफलता पक्की हो गई। नीदरलैंड्स की एक और करीबी प्रतिद्वंद्वी बेल्जियम ने ऑस्ट्रेलिया के साथ मैच 1-1 से ड्रॉ खेला और फिर शूटआउट में बोनस पॉइंट हासिल किया। पेरिस 2024 के मौजूदा ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट (नीदरलैंड्स) जगह पक्की करने वाली पहली टीम बन गई है।

बांग्लादेश से मुकाबले से पहले भारत की नज़रें सेमीफाइनल पर

आईसीसी महिला टी 20 वर्ल्ड कप 2026 के अहम मुकाबले में बांग्लादेश से भिड़ेगी भारतीय टीम।

मैनचेस्टर ■ वार्ता/डेस्क

आईसीसी महिला टी 20 वर्ल्ड कप 2026 के अपने तीसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका से मिली करारी हार के बाद, भारत गुरुवार को मैनचेस्टर में ग्रुप ए के अहम मुकाबले में बंगलादेश का सामना करते हुए अपने खेल की कुछ चिंताजनक कमियों को दूर करने की कोशिश करेगा। हालांकि टीम सेमीफाइनल की दौड़ में अच्छी स्थिति में है, लेकिन मिडिल-ऑर्डर की बल्लेबाजी और फील्डिंग में गलतियों को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की ओपनिंग जोड़ी अब तक भारत के लिए सबसे सकारात्मक पहलू रही है।

मंधाना ने अब तक तीन मैचों में 159 रन बनाए हैं, जबकि शेफाली ने 92 रन का योगदान दिया है। दोनों ने 154 से ऊपर का स्ट्राइक रेट बनाए रखा है और लगातार भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई है। हालांकि, समस्या यह रही है कि इन शुरुआती अच्छी पारियों को मैच जिताने वाले बड़े स्कोर में नहीं बदला जा सका है। भारत का मिडिल-ऑर्डर ओपनर्स द्वारा बनाए गए मोमेंटम को बनाए रखने में संघर्ष करता रहा है। कप्तान हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स और यास्तिका भाटिया सभी के लिए तेजी से रन बनाना मुश्किल रहा है, जिससे अक्सर अहम मौकों पर पारी धीमी हो जाती है। हरमनप्रीत ने 109.09 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं, जबकि रोड्रिग्स का स्ट्राइक रेट 94.11 रहा है। यास्तिका का स्ट्राइक रेट 105.88 है। तीन मैचों में, हरमनप्रीत और रोड्रिग्स ने मिलकर केवल 11 बाउंड्री लगाई हैं और अभी तक एक बार भी छक्का नहीं लगाया है। वहीं, यास्तिका ने अपनी दो पारियों में सिर्फ़ तीन चौके लगाए हैं। नतीजतन, मैच को फिनिश करने की ज़्यादातर ज़िम्मेदारी ऋचा घोष और दीप्ति शर्मा पर आ गई है। दोनों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया है और क्रमशः 176.92 और 159.37 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं, लेकिन पारी के आखिरी हिस्से में कम गेंदें मिलने के कारण उनका असर अक्सर सीमित रहा है।

इन कमियों के बावजूद, भारत ने ग्रुप ए में खुद को मजबूत स्थिति में पहुंचा लिया है। पाकिस्तान के खिलाफ 64 रन और नीदरलैंड के खिलाफ 95 रन की बड़ी जीत ने उनके नेट रन रेट को काफी बेहतर किया है। तीन मैचों में चार पॉइंट और 2.511 के अच्छे नेट रन रेट के साथ, भारत अभी स्टैंडिंग में दूसरे नंबर पर है। ऑस्ट्रेलिया ने ग्रुप में खुद को सबसे मजबूत टीम के तौर पर साबित कर दिया है। लगातार चार जीत के साथ उनके आठ पॉइंट हो गए हैं और उनका नेट रन रेट भी 4.724 का शानदार है।

हर ग्रुप से सिर्फ़ टॉप दो टीमें ही सेमीफ़ाइनल में पहुँचेंगी, इसलिए भारत दूसरे नंबर पर अपनी पकड़ मज़बूत करना चाहेगा और दक्षिण अफ्रीका से किसी भी तरह के दबाव से बचना चाहेगा। दक्षिण अफ्रीका के भी चार पॉइंट हैं, लेकिन नेट रन रेट में वे काफ़ी पीछे हैं। भारत का पिछला मैच दक्षिण अफ्रीका के ख़िलाफ़ था, जिसमें उन्हें छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा और कई कमज़ोरियाँ सामने आईं।

पनामा को हराकर क्रोएशिया ने उम्मीदों को जिंदा रखा

टोरंटो ■ वार्ता/डेस्क

मैच के अंतिम समय 54वें मिनट में स्थानापन्न आंटे बुदिमिर की गोल की बदौलत क्रोएशिया ने 'करो या मरो' वाले मुकाबले में पनामा पर 1-0 से जीत दर्ज करते हुए फीफा विश्वकप के नॉकआउट चरण में प्रवेश की अपनी उम्मीद को बनाये रखा। टोरंटो स्टेडियम में धीमे और गोल रहित पहले हाफ के बाद, क्रोएशिया ने ब्रेक के बाद पनामा की मजबूत रक्षापंक्ति को भेद दिया, जब स्थानापन्न बुदिमिर ने मैदान पर आने के केवल चार मिनट बाद ही गोल कर दिया। जो अंततः निर्णायक साबित हुआ। यह विश्वकप में क्रोएशिया की पहली जीत है।

तीन मिनट बाद 'वात्रेनी' (क्रोएशियाई टीम) एक और गोल करने के करीब थी, जब 40 वर्षीय लुका मोड्रिच -- जो अपना 200वां इंटरनेशनल मैच खेल रहे थे -- ने ब्रेकअवे पर मार्को पासालिच को पास दिया, लेकिन पनामा के गोलकीपर ऑरलैंडो मोस्केरा ने पासालिच के शॉट को रोक दिया।

विम्बलडन में खिताब बचाने उतरेंगे सिनर

लंदन ■ वार्ता/डेस्क

विंबलडन चैंपियनशिप में सेंटर कोर्ट पर पहला मैच खेलना टेनिस में सबसे बड़े सम्मानों में से एक है। अगले हफ़्ते, सोमवार 29 जून को स्थानीय समयानुसार दोपहर 1.30 बजे, जैनिक सिनर यह सम्मान पाने वाले पहले इटैलियन खिलाड़ी बनेंगे, क्योंकि उन्होंने 2025 में जेंटलमैन सिंगल्स का खिताब जीता था। 24 साल के सिनर की ऑल इंग्लैंड लॉन टेनिस एंड क्रोकेट क्लब (एईएलटीसी) में वापसी एक और शानदार टूर्नामेंट की शुरुआत का संकेत है, जो 1877 में अपनी शुरुआत से ही बेहतरीन खेल के लिए जाना जाता है। सिनर ने कहा,मेरे लिए, सेंटर कोर्ट पर खेल की शुरुआत करना रोंगटे खड़े कर देने वाला पल होगा। यहाँ का माहौल अनोखा है, दुनिया भर के टेनिस कोर्ट पर मिलने वाले किसी भी अनुभव से बिल्कुल अलग। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि एक दिन मैं चैंपियनशिप के पहले मैच के लिए उस लॉन और उस स्टेडियम में कदम रखूँगा।

सिनर के नक्शेकदम पर चलते हुए, इगा स्वियातेक भी अपनी करियर की सबसे यादगार जीतों में से एक वाली जगह पर लौटेंगी और दूसरे दिन खेल की शुरुआत करेंगी। स्वियातेक के संयम और अटूट लगन की वजह से ही वह पिछले साल वीनस रोज़वॉटर डिश जीतने वाली पहली पोलिश खिलाड़ी बनीं। स्वियातेक इस बड़ी उपलब्धि को याद करते हुए कहती हैं: "ट्रॉफी उठाना शब्दों से परे का अनुभव था क्योंकि ग्रास कोर्ट के हिसाब से अपने खेल को ढालना एक लंबी प्रक्रिया रही है। मैंने अपने फुटवर्क को बेहतर बनाने, कोर्ट पर अपनी पोजिशन को लेकर ज़्यादा आक्रामक होने और गेंद को जल्दी हिट करने के लिए अपनी सहज समझ पर भरोसा करने पर ध्यान दिया।

आर्थिकी/परदेश

सेंसक्स 791 अंक चढ़ा, निफ्टी भी लाभ में

मुंबई ■ भाषा/डेस्क

कच्चे तेल के दाम में नरमी ओर बैंक, वित्तीय तथा आईटी शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी लौटी और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। बीएसई संसेक्स 791 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी में 197 अंक की तेजी रही।

कारोबारियों के अनुसार, इसके अलावा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर की बढ़ती उम्मीद और घरेलू बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों के शुद्ध रूप से लिवाल बनने से भी बाजार को समर्थन को मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 790.54 अंक यानी 1.04 प्रतिशत के लाभ में रहा। कारोबार के दौरान एक समय यह 989.69 अंक तक चढ़ गया था।

बीएसई में सूचीबद्ध 2,215 शेयर लाभ में रहे, जबकि 2,034 में गिरावट आई। वहीं 181 के भाव अपरिवर्तित रहे। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 197.55 अंक यानी 0.83 प्रतिशत बढ़कर 24,021.65 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, एशियाई बाजारों से मिले सकारात्मक संकेत, होर्मुज जलडमरूमध्य में आवाजाही बेहतर होने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी गिरावट और भारत-अमेरिका के बीच जल्द ही व्यापार समझौता होने की उम्मीद के चलते घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन, ट्रेंट, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

बंधन बैंक ने एफडी पर ब्याज दर 0.20 प्रतिशत तक बढ़ाई

कोलकाता, भाषा। निजी क्षेत्र के बंधन बैंक ने चुनिंदा परिपक्वता जमा (एफडी) योजनाओं पर ब्याज दरों में 0.20 प्रतिशत तक की वृद्धि की है। संशोधित दरों के तहत दो वर्ष से लेकर तीन वर्ष से कम अवधि की जमाराशि पर वरिष्ठ नागरिकों को अधिकतम 7.95 प्रतिशत ब्याज मिलेगा।

नई दरें ऐसे समय घोषित की गई हैं जब कुछ बैंक अपनी जमा योजनाओं में बदलाव कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने महंगाई की लगातार चिंताओं के बीच इस महीने की शुरुआत में नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर कायम रखा था।

बंधन बैंक ने बुधवार को कहा कि इस बदलाव के बाद वरिष्ठ नागरिकों को दो से लेकर तीन साल से कम अवधि वाली एफडी पर 7.95 प्रतिशत ब्याज मिलेगा, जबकि अन्य ग्राहकों को इसी अवधि के लिए 7.45 प्रतिशत ब्याज मिलेगा।

बंधन बैंक ने कहा कि वह पांच साल से कम अवधि वाली एफडी पर भी वरिष्ठ नागरिकों को 7.75 प्रतिशत ब्याज दे रहा है। अन्य ग्राहकों को ऐसी जमा राशि पर 7.25 प्रतिशत ब्याज मिलेगा।

भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2026-27 में सुस्त पड़कर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान: एसएंडपी

नई दिल्ली ■ भाषा/डेस्क



ऊर्जा की कमी, सामान्य से कम मानसून और वैश्विक वृद्धि में सुस्ती के कारण चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर घटकर 6.6 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने बुधवार को यह अनुमान जताया। भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2025-26 में 7.7 प्रतिशत और 2024-25 में 7.1 प्रतिशत रही थी। एसएंडपी ने एक रिपोर्ट में कहा, ऊर्जा की कमी, औसत से कम मानसून का अनुमान और वैश्विक वृद्धि में सुस्ती के बीच, हमारा अनुमान है कि मार्च, 2027 में खत्म होने वाले वित्त वर्ष में वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर घटकर 6.6 प्रतिशत रह जाएगी। वित्त वर्ष 2025-26 में यह 7.7 प्रतिशत थी।

एसएंडपी का वित्त वर्ष 2026-27 के लिए वृद्धि का अनुमान भारतीय रिजर्व बैंक के 6.6 प्रतिशत के अनुमान के अनुरूप है।

अल नीनो के कारण मानसूनी बारिश प्रभावित हुई है। 22 जून तक बारिश की कमी बढ़कर 43 प्रतिशत हो गई है। कम बारिश की स्थिति से निपटने के लिए सरकार ने राज्यों के लिए योजनाएं बनाई हैं। इसके तहत कम बारिश वाले हालात के हिसाब से वैकल्पिक फसलों की सिफारिश की गई है।

भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का 88 प्रतिशत आयात करता है और वैश्विक कीमतों में बढ़ोतरी से उसका आयात बिल बढ़ा है और कुल मिलाकर महंगाई बढ़ी है। एसएंडपी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस क्षेत्र का परिदृश्य मजबूत वैश्विक गतिविधियों, ऊर्जा बाजार में दबाव और एआई-संचालित प्रौद्योगिकी के निर्यात में उछाल से तय हो रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम एशिया में संघर्ष से पैदा हुए ऊर्जा संकट का असर दिख रहा है। उद्योग को कच्चे माल की लागत और आपूर्तिकर्ता के डिलिवरी समय में काफी बढ़ोतरी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, खाद की ऊंची कीमतें खाद्य उत्पादन पर असर डालती हैं और खाने-पीने की चीजों की कीमतें बढ़ाती हैं।

परदेश खास

यूक्रेन ने रूस के प्राकृतिक गैस संयंत्र, उपग्रह संचार केंद्रों को निशाना बनाया

कीव ■ एपी/डेस्क

यूक्रेन के सुरक्षा बलों ने देर रात रूस पर हमले में एक प्रमुख प्राकृतिक गैस प्रसंस्करण संयंत्र और दो महत्वपूर्ण उपग्रह संचार केंद्रों को निशाना बनाया। यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने बुधवार को यह जानकारी दी।

यह अभियान यूक्रेन की उस हवाई रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत वह रूस की ऊर्जा अवसंरचना और सैन्य उद्योगों को निशाना बना रहा है। यह अभियान ऐसे समय में तेज हुआ है, जब कीव रूस के आक्रमण का मुकाबला करने के लिए अधिक क्षमता वाले और लंबी दूरी के उन्नत हथियार विकसित कर रहा है। यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने 'टेलीग्राम' पर जारी बयान में कहा कि रातभर किए गए हमले में ओरेनबर्ग गैस प्रसंस्करण संयंत्र को निशाना बनाया गया, जो उस परिसर का हिस्सा है जहां रूस का एकमात्र हीलियम संयंत्र भी स्थित है। बयान के अनुसार, हमले के बाद पूरे परिसर में आग लग गई।

जनरल स्टाफ के अनुसार, यह संयंत्र दुनिया के सबसे बड़े गैस संकुल में से एक है। इसमें हीलियम का उत्पादन होता है, जिसका इस्तेमाल तरल ईंधन रॉकेट इंजन और गाइडेंस सिस्टम में किया जाता है। इसमें इथेन भी बनता है, जो ठोस रॉकेट ईंधन और गनपाउडर जैसी चीजें बनाने में एक अहम घटक है।

जनरल स्टाफ के बयान की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो पाई है। जनरल स्टाफ के अनुसार, रातभर किए गए हमलों में रूसी सेना द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले दो उपग्रह संचार केंद्रों को भी निशाना बनाया गया। इनमें से एक मॉस्को के पास स्थित दुबना स्पेस कम्युनिकेशंस सेंटर था, जिसे रूस का सबसे बड़ा भू-आधारित उपग्रह संचार परिसर बताया गया है, जबकि दूसरा रूसी राजधानी के पूर्व में स्थित व्लादिमीर क्षेत्र में था।

अमेरिका-ईरान शांति प्रक्रिया का समर्थन जारी रखेगा पाकिस्तान : नकवी

इस्लामाबाद, भाषा। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने अपने ईरानी समकक्ष इस्कंदर मोमेनी को आश्वासन दिया है कि वाशिंगटन और तेहरान के बीच स्थायी शांति के लिए इस्लामाबाद अपनी कोशिशें जारी रखेगा। मोमेनी मंगलवार को ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान के प्रतिनिधिमंडल के साथ एक दिन की यात्रा पर आये हैं। अमेरिका और ईरान ने पिछले हफ्ते पश्चिम एशिया में शांति बहाल करने के उद्देश्य से एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए थे। इस हफ्ते की शुरुआत में, उन्होंने स्विट्जरलैंड में तकनीकी स्तर की बातचीत की। यह बातचीत मध्यस्थों - पाकिस्तान (जिसने 'गारंटर' के तौर पर हस्ताक्षर किये हैं) और कतर - की मौजूदगी में हुई। बातचीत के बाद, अमेरिका और ईरान 60 दिनों में शांति समझौते को अंतिम रूप देने के लिए सहमत हुए। इस्लामाबाद में गृह मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी बयान के अनुसार, नकवी और मोमेनी ने पाकिस्तान-ईरान संबंधों तथा क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। नकवी ने स्विट्जरलैंड में हस्ताक्षर किये गए संयुक्त वक्तव्य के लिए मोमेनी को बधाई दी और कहा कि ईरान सरकार की सच्ची कोशिशों और मोमेनी की व्यक्तिगत प्रतिबद्धता के बिना यह संभव नहीं होता।

इजराइल जानबूझकर कर गाजा में बच्चों को निशाना बना रहा : संराष्ट्र आयोग

यरुशलम, एपी। संयुक्त राष्ट्र द्वारा नियुक्त स्वतंत्र विशेषज्ञों के आयोग ने दावा किया है कि गाजा में इजराइल जान-बूझकर बच्चों को निशाना बना रहा है। उसने दोहराया कि इजराइल ने गाजा में नरसंहार किया है। इजराइल ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा गठित विशेषज्ञों के इस आयोग के ढाई साल के युद्ध के दौरान गाजा में नरसंहार करने के दावों का खंडन किया है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के तहत काम करने वाले 'कब्जा किये गए फलस्तीनी क्षेत्र पर स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय जांच आयोग' ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में कहा कि अक्टूबर 2023 से अक्टूबर 2025 के बीच मारे गए फलस्तीनियों में से लगभग 30 प्रतिशत यानी करीब 20 हजार बच्चे थे। माना जा रहा है कि और भी बच्चे लापता हैं या बिना पहचान वाली कब्रों में दफन हैं। इजराइल ने आम नागरिकों को जान-बूझकर निशाना बनाने से इनकार किया है और मानवाधिकार समूहों सहित उन आरोपों को खारिज किया है जिनमें कहा गया है कि उसने गाजा में नरसंहार किया है।

टाइटन बायोटेक लिमिटेड
CIN : L74999RJ1992PLC013387
पंजीकृत कार्यालय :- A-902 A, RICO औद्योगिक क्षेत्र, फेज-III, भिवाड़ी, राजस्थान - 301019, **फोन नं. :** 011-71239900
ईमेल : hrd@titanbiotechltd.com | **वेबसाइट :** www.titanbiotechltd.com

शेयर प्रमाण पत्र की हानि की सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित शेयरधारक से संबंधित ₹10/- अंकित मूल्य वाले निम्नलिखित शेयर प्रमाणपत्र ('शेयर') खो जाने/गुम हो जाने की सूचना प्राप्त हुई है तथा उक्त शेयर पूर्व में निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि ('IEPF') प्राधिकरण को हस्तांतरित किए जा चुके हैं।

क्र सं.	फोलियो संख्या	शेयरधारक का नाम	प्रमाण पत्र सं	डिस्टिंक्टिव नं.	इक्विटी शेयरों की सं.
1.	0014196	धीरेन बी. संघवी (संयुक्त) प्रशांत के. शाह	34517-34519	3432171-3432470	300

उक्त शेयरों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति का कोई दावा/अधिकार हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में अपना दावा प्रस्तुत करे। यह सूचना IEPF की आवश्यकताओं के अनुरूप जारी की जा रही है। उपर्युक्त जानकारी कंपनी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

टिप्पणी: कंपनी के शेयरधारकों ने कंपनी के इक्विटी शेयरों के अंकित मूल्य ₹10 प्रति शेयर से ₹2 प्रति शेयर में उप-विभाजन को 20 फरवरी, 2026 (रिकॉर्ड तिथि) से प्रभावी करने की स्वीकृति प्रदान की है। तदनुसार, ₹10 अंकित मूल्य का प्रत्येक एक इक्विटी शेयर ₹2 अंकित मूल्य के पाँच इक्विटी शेयरों में उप-विभाजित कर दिया गया है।

कृते टाइटन बायोटेक लिमिटेड
की ओर से एवं उसके लिए
हस्ता./-
चरणजीत सिंह
कंपनी सचिव

दिनांक: 24.06.2026
स्थान : दिल्ली